डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश
**DR. A.P.J. ABDUL KALAM TECHNICAL UNIVERSITY**
सेक्टर–11, जानकीपुरम विस्तार योजना, लखनऊ–226031

पत्रांकः ए0के0टी0यू0 / अधि0 छात्र क0 / 2025 / 509 दिनांकः 18-06-2025

सेवा में,

निदेशक / प्राचार्य,
डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय
लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थान।

**विषयः– अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस (दिनांक 21.06.2025) के अवसर पर विश्व कीर्तिमान स्थापित किये जाने के संबंध में।**

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक श्री राज्यपाल सचिवालय, उ0प्र0 लखनऊ के पत्र संख्याः ई–4101 / 32–जी0एस0 / 2025 दिनांक 11 जून, 2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें **(पत्र संलग्न )।**

उक्त पत्र के माध्यम से श्री राज्यपाल सचिवालय, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 के आयोजन एवं इस अवसर पर योग का विश्व कीर्तिमान स्थापित किये जाने के संबंध में अपर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक दिनांक 05.06.2025 में प्रदत्त निर्देशों के संदर्भ में आयोजित कराये जाने वाले कार्यक्रम एवं प्रस्तावित विश्व कीर्तिमान को सफलतापूर्वक प्राप्त करने के लिए पत्र में उल्लिखित 08 बिन्दुओं पर कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। उक्त के संदर्भ में श्री राज्यपाल सचिवालय, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा प्रेषित पत्र दिनांक 27 मई, 2025 की प्रति सुलभ संदर्भ हेतु संलग्न है।

उक्त के संदर्भ में राजभवन, उ0प्र0, लखनऊ द्वारा पत्र में उल्लिखित बिन्दुओं पर दिये गये निर्देशों के अनुक्रम में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस दिनांक 21 जून, 2025 के अवसर पर विश्व कीर्तिमान स्थापित किये जाने के उद्देश्य से एक साथ ''सूर्य नमस्कार योग मुद्रा'' कार्यक्रम सभी जगह किया जायेगा। उपरोक्त कार्यक्रम के संबंध में विश्वविद्यालय द्वारा दिये गये लिंक https://forms.gle/iWvUEMSvPjdLEaCWA पर दिनांक 21.06.2025 को अपरान्ह 03.00 बजे तक सूचना उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें।

**संलग्नकः यथोक्त।**

भवदीय

(रीना सिंह)
कुलसचिव

**प्रतिलिपिः निम्न को सूचनार्थ प्रेषित।**

1. प्रति कुलपति / वित्त अधिकारी / परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. समस्त अधिष्ठाता / जन सम्पर्क अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. स्टाफ आफिसर, कुलपति कार्यालय, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।

(रीना सिंह)
कुलसचिव

ई–मेल द्वारा

## राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश,
## लखनऊ–226027

पत्रांकः ई– 4101/32–जी.एस./2025
दिनांकः 11 जून, 2025

प्रेषक,

**श्री राज्यपाल/कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी,**
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

कुलपति/निदेशक
समस्त राज्य विश्वविद्यालय/संस्थान,
उत्तर प्रदेश।

विषयः अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस (दिनांक 21.06.2025) के अवसर पर विश्व कीर्तिमान स्थापित किये जाने के सम्बन्ध में ।

महोदय/महोदया,

कृपया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 के आयोजन एवं इस अवसर पर योग का विश्व कीर्तिमान स्थापित किये जाने के सम्बन्ध में अपर मुख्य सचिव महोदय की अध्यक्षता में आयोजित बैठक दिनांक 05.06.2025 में प्रदत्त निर्देशों का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम एवं प्रस्तावित विश्व कीर्तिमान को सफलतापूर्वक प्राप्त करने के लिए निम्नांकित बिन्दुवार कार्यवाही की जायेगीः–

i. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (दिनांक 21.06.2025) पर सर्वप्रथम माननीय प्रधानमंत्री जी के कार्यक्रम के सीधा प्रसारण (Live Telecast) की व्यवस्था की जायेगी।

ii. मा. प्रधानमंत्री जी के कार्यक्रम के पश्चात् आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी मानक योग प्रोटोकॉल (Standard Yoga Protocol) का पूर्ण रूप से पालन करते हुए योग कार्यक्रम सम्पन्न किया जायेगा।

iii. मानक योग प्रोटोकॉल (Standard Yoga Protocol) के उपरान्त माननीय राज्यपाल/कुलाधिपति महोदया का संदेश, जो ऑडियो/वीडियो में होगा, प्रसारित किया जायेगा।

iv. माननीय राज्यपाल/कुलाधिपति महोदया के संदेश के प्रसारण के पश्चात् विश्व कीर्तिमान स्थापित किये जाने के उद्देश्य से एक साथ "सूर्य नमस्कार योग मुद्रा" कार्यक्रम सभी जगह किया जायेगा।इस आयोजन के जियो–टैग फोटोग्राफ एवं वीडियो रिकार्डिंग करायी जायेगी।

v. इस कार्यक्रम के अंतर्गत सूर्य नमस्कार 10 मिनट की अवधि तक किए जाएंगें, जिनके सीक्वेंस एक समान किये जाने हेतु छायाचित्र की प्रति संलग्न है तथा सूर्य नमस्कार में उच्चारित होने वाले मंत्र एवं उसका यू–ट्यूब लिंकः भी संलग्न कर प्रेषित किया जा रहा है।

vi. जहाँ तक सम्भव हो सूर्य नमस्कार में प्रतिभागियों की वेशभूषा एक समान रखी जाय।

vii. विश्व कीर्तिमान हेतु प्रत्येक स्थल पर सूर्य नमस्कार के प्रतिभागियों की संख्या की गणना की जायेगी तथा प्रत्येक स्थल पर गणना हेतु कार्मिकों/नोडल अधिकारी की तैनाती की जायेगी।

viii. सूर्य नमस्कार का पूर्ण पारदर्शी तरीके से डॉक्यूमेन्टेशन कराया जायेगा और इस सचिवालय के पत्र संख्या ई–3458/32–जी.एस./2025 दिनांकः 27 मई, 2025 के बिन्दु–3 अनुसार वांछित सूचनाएं इस सचिवालय को दिनांक 24 जून, 2025 की अपराह्न तक प्रत्येक दशा में उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाये।

3. कृपया उक्तानुसार कार्यवाही सम्पादित कराते हुए विश्व कीर्तिमान हेतु पूर्व में प्रेषित निर्देशों के अनुसार निर्धारित समयावधि में कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय,

( डॉ. पंकज एल. जानी )

कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी।

# सूर्य के 12 मंत्र

ॐ सूर्याय नमः

ॐ आदित्याय नमः

ॐ मित्राय नमः

ॐ रवये नमः

ॐ भानवे नमः

ॐ खगाय नमः

ॐ पूषणे नमः

ॐ हिरण्यगर्भाय नमः

ॐ मारीचाय नमः


ॐ सावित्रे नमः

ॐ अर्काय नमः

ॐ भास्कराय नमः

नोट : यू–ट्यूब लिंक :
https://www.youtube.com/watch?v=gzmUsJBcqJA&list=RDgzmUsJBcqJA&start_radio=1

# SURYA NAMASKAR (SUN SALUTATION)



(67)

ई-मेल

# राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश,
# लखनऊ-226027

पत्रांक:ई- 3458 / 32-जी0एस0 / 2025
दिनांक: 27 मई, 2025

प्रेषक,

**श्री राज्यपाल / कुलाधिपति के**
**अपर मुख्य सचिव,**
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

कुलपति / निदेशक
समस्त राज्य विश्वविद्यालय / संस्थान,
उत्तर प्रदेश।

विषय: अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस (दिनांक 21.06.2025) पर प्रातः 07:00 बजे "एक साथ सूर्य नमस्कार योग मुद्रा" कार्यक्रम सम्पन्न कर विश्व कीर्तिमान स्थापित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

माननीया कुलाधिपति महोदया जी की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक दिनांक 05.05.2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस (दिनांक 21.06.2025) के अवसर पर आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्धारित थीम "Yoga for One Earth, One Health" के अनुसार दिशा-निर्देश प्रदान करते हुए समस्त विश्वविद्यालय / संस्थान से कार्य-योजना उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये थे।

2. माननीय कुलाधिपति महोदया की प्रेरणा एवं निर्देश के अनुपालन में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस (21.06.2025) के अवसर पर राजभवन सहित समस्त राज्य विश्वविद्यालयों / संस्थानों एवं उनसे सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों में एक साथ "सूर्य नमस्कार योग मुद्रा" कार्यक्रम आयोजित करते हुए विश्व कीर्तिमान स्थापित किया जाना है।

3. इस सम्बन्ध में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त कार्यक्रम आयोजित करते हुए कार्यक्रम की जीओ टैग फोटोग्राफ्स एवं अधिकतम 30 सेकेण्ड का वीडियो, पेन ड्राइव पर तथा कार्यक्रम के सम्बन्ध में आख्या व प्रतिभाग करने वाले समस्त प्रतिभागियों की संख्या भौतिक रूप से दिनांक 24 जून, 2025 तक इस सचिवालय को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

( डॉ. सुधीर एम. बोबडे )
कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव